भ्रष्टाचार | डिप्टी डायरेक्टर पर आखिर क्यों मेहरबान है महकमा, शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बना बाघों का कब्रिस्तान

नवभारत उमरिया 15 जनवरी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा के खिलाफ कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार की लंबी फेहरिस्त तैयार है। कूनो से शुरू हुआ इनका 'खेल' अब बांधवगढ़ के जंगलों तक फैल चुका है। जहां वन्यजीवों के शिकार से लेकर बेनामी ठेकेदारों के जरिए सप्लाई का बड़ा सिंडिकेट चलाया जा रहा है।

शिकायत के मुताबिक पीके वर्मा ने विभिन्न टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में बेनामी संपत्तियों का विशाल साम्राज्य खड़ा कर लिया है। जनचर्चा है कि रक्षक की वर्दी में हो रहे इस 'सफेदपोश खेल' ने सरकारी खजाने को निजी गुल्लक बना दिया है। अब देखना है कि इस लूट का अंत कब होगा।



सफेदपोश खेल की गूंज अब सुनाई दे रही

बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा का शिकायतों से पुराना और अटूट नाता अब विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। पूर्व की शिकायतों की मानें तो, रक्षक की वर्दी में चल रहे इस सफेदपोश खेल की गूंज अब श्योपुर की गलियों से लेकर कूनो के जंगलों तक सुनाई दे रही है। जन चर्चा है कि पीके वर्मा के राज में सब कुछ 'मैनेज' करने की कला ही उन्हें अब तक बचाए हुए है।

विभाग की चुप्पी पर सवाल

मिली जानकारी अनुसार पीके वर्मा के कार्यकाल में बांधवगढ़ वन्यजीवों के लिए सुरक्षित नहीं रहा। शिकायत के मुताबिक, बीते एक साल के भीतर बांधवगढ़ में 6 बाघों की मौत हो चुकी है, जिस पर विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। यही नहीं, पिछले दिनों 11 हाथियों की संदिग्ध मौत के मामले ने भी पूरे देश की हिला दिया था। आरोपों की मानें तो, जब जंगल में बाघों और हाथियों की लाशें गिर रही थीं, तब प्रबंधन केवल अपनी साख बचाने और आंकड़ों की बाजीगरी में उलझा रहा। शिकायतों और जांच के संबंध में पक्ष जानने के लिए तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर बीटीआर पीके वर्मा से दूरभाष पर संपर्क साधा गया तो उनका फोन नहीं उठा।

एक नजर में

हनुमान टेकरी में श्रीराम कीर्तन का समापन

अमरपुर नवभारत 15 जनवरी। जनपद पंचायत अमरपुर के नजदीकी ग्राम पंचायत रामगढ़ स्थित हनुमान टेकरी हनुमान मंदिर में मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर 14 व 15 जनवरी को श्रीराम कीर्तन आयोजित किया गया। रामायण पाठ एवं श्रीराम कीर्तन समापन गुरुवार को हवन व भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों सहित आसपास गांवों के श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। विदित हों कि हनुमान मंदिर में विगत कई वर्षों से निरंतर प्रत्येक शनिवार को ग्राम रामगढ़, बांकाटोला व अमरपुर सहित आसपास गांवों के श्रद्धालुओं के सहयोग से रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा हैं।

राय सिंह समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष बने

अमरपुर नवभारत 15 जनवरी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं डॉ. महेंद्र सिंह चौहान प्रभारी प्रकोष्ठ के सहमति से मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर की स्वीकृति पर डिंडौरी जिलाध्यक्ष अजय चंदेल द्वारा डिंडौरी जिला उपाध्यक्ष पद पर ग्राम घेवरी विकासखंड अमरपुर निवासी राय सिंह मरकाम को मनोनीत किया गया हैं। मरकाम के मनोनीत होने पर कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया गया। राय सिंह मरकाम ने प्रदेश कांग्रेस सहित जिला कांग्रेस के सभी वरिष्ठों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई हैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

सरपंच कप क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

नौरोजाबाद नवभारत 15 जनवरी। जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव में बडागांव क्रिकेट टीम द्वारा बड़ागांव प्रीमियर लीग सीजन 6 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह, नौरोजाबाद तहसीलदार अभय नंद शर्मा एवं ग्राम पंचायत के सरपंच राकेश द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सभी नागरिक शामिल रहे। सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट 15 से 26 जनवरी तक आयोजित होगा। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 21 हजार तथा उपविजेता को 11000 रूपये पुरस्कार राशि कमेटी द्वारा दी जाएगी। इस अवसर पर संपत बैगा, विजेंद्र सिंह. दुर्गेश द्विवेदी, अजय सिंह सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

महिलाओं ने पतंगबाजी का लिया आनंद

▸ जेंडर कैंपेन नई चेतना 4.0 के तहत 3 विशेष गतिविधियां आयोजित

डिंडौरी ,नवभारत 15 जनवरी। मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मकर संक्रांति के अवसर पर जेंडर कैंपेन, नई चेतना 4.0 अंतर्गत 13 से 15 जनवरी तक 3 दिवसीय स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के लिये विशेष गतिविधियों का आयोजन कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशू चौधरी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने की कड़ी में हौसलों की उड़ान कार्यक्रम के तहत समस्त विकासखण्डों में प्रथम दिवस समूह से जुडी लखपति महिलाओं का संवाद कार्यक्रम का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। दूसरे दिन पतंग महोत्सव एवं तिल गुड बैठक का आयोजन तथा गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से महिलाओं के लिये विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया-दूसरे दिवस पतंग महोत्सव एवं तिल गुड बैठक आयोजन में महिलाओं ने पंतगबाजी कर अपने बचपन को पुन: जीवित किया एवं संक्रांति पर्व के महत्व को एक-दूसरे के साथ साझा करते हुये नर्मदा तट के किनारे उत्साह पूर्वक पर्व को मनाया। समस्त विकासखण्डों में महिलाओं के स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से महिलाओं के स्वास्थ्य एवं आंखों की जांच संबंधी शिविर का आयोजन किया गया।

ग्राम रुसा में क्लीनिक को किया सील

▸ झोला-छाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही

डिंडौरी ,नवभारत 15 जनवरी। विगत दिवस जिले में अवैध रूप से चिकित्सा कार्य करने वाले झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई। ग्राम रुसा में संचालित एक क्लीनिक की जांच के दौरान डॉ. अरुण चन्द्र बाला की डिग्री होम्योपैथी पाई गई, जबकि उनके पास एलोपैथिक दवाएं पाई गईं। नियमों के उल्लंघन पर एलोपैथिक दवाओं को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई तथा क्लीनिक को सील किया गया।

उक्त कार्यवाही नायब तहसीलदार करंजिया शैलेश गौर, हल्का पटवारी विजय श्रीवास्तव, नंदकुमार परस्ते, शैलेन्द्र सिंह मार्को, कोटवार वीरेंद्र पड़वार एवं मेडिकल विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

शारदा टेकरी फिल्टर प्लांट की हुई सफाई

▸ शहपुरा में शुद्ध पेयजल की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम

शहपुरा नवभारत 15 जनवरी। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर परिषद शहपुरा द्वारा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

अध्यक्ष नगर परिषद शहपुरा शालिनी अरुण अग्रवाल एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी रीना राठौर के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना अंतर्गत शारदा टेकरी स्थित फिल्टर प्लांट की व्यापक साफ-सफाई कराई गई। इस कार्य में जलप्रभारी आनंद अग्रवाल की उपस्थिति रही, जबकि ठेकेदार सारथी कंस्ट्रक्शन, ग्वालियर द्वारा फिल्टर प्लांट के साथ-साथ पूरे वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम की गहन सफाई की गई। सफाई के दौरान ट्रीटमेंट यूनिट, टैंक, पाइपलाइन और अन्य तकनीकी उपकरणों की जांच एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे जल की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

मानपुर में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

चिल्हारी। जिले के मानपुर विधानभा मुख्यालय स्थित खेल मैदान में खेलो एमपी यूथ गेम्स खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला उमरिया विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन नगर परिषद मानपुर की अध्यक्ष भारती सतीश सोनी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें विविध खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें सांदीपनी शाउमावि मानपुर, शा. कन्या शिक्षा परिसर मानपुर, शाउमावि नौगवां, सरस्वती उमावि मानपुर, एसडी पूर्व मावि नौगवां, शाउमावि अमरपुर, सरस्वती ज्ञान मंदिर सिगुडी, सरस्वती हाई स्कूल कठार की टीमें शामिल हुईं।

कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

▸ पेंशन व समस्याओं के निराकरण की मांग

नौरोजाबाद नवभारत 15 जनवरी। कोल इंडिया लिमिटेड (एसईसीएल) के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधी एवं अन्य ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में बताया गया कि कोल इंडिया पेंशनर्स की पेंशन में पिछले लगभग 30 वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कंपनी के लगभग 50 प्रतिशत क्वार्टर वर्तमान में खाली पड़े हैं, जिन्हें सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवंटित किए जाने की मांग की गई। इसके अलावा सीएमपीएफ (कोल माइंस प्रोविडेंट फंड) का क्षेत्रीय कार्यालय वर्तमान में जबलपुर में स्थित है, जिसे शहडोल में स्थापित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग-नौरोजाबाद क्षेत्रीय मुख्यालय एवं क्षेत्रीय चिकित्सालय होने के कारण अंबिकापुर-निजामुद्दीन, बिलासपुर-रीवा, शहडोल से नागपुर जाने वाली ट्रेनों का स्टॉपेज नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर दिए जाने की मांग रखी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जसवंत सिंह, साबिर खान, अशोक मिश्रा, मुन्नालाल प्रचेता, अंगद प्रसाद मिश्रा एवं जसविंदर सिंह उपस्थित रहे।